STEM SCHOOL
VIDYA NAGAR - GUNTUR
Affiliated to ICSE, New Delhi | Affiliation No : AP116

QUARTERLY EXAMINATION – 2024-2025
SUBJECT: HINDI
GRADE: VII

DATE: 17-09-2024 **TIME: 3 HOURS**
NAME OF THE STUDENT & SEC: _____ **MAX MARKS:80M**

- *Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*
- *The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*
- *The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

SECTION-A
(Attempt all questions from this section)

Question -1
Write a short composition in Hindi of approximately 250 words anyone of the following topics.
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए। **[15M]**

1. भारत के महान वैज्ञानिक, भूतपूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन ऑफ इंडिया के नाम से जो प्रसिद्ध है, वह और कोई नहीं डॉक्टर ए. पी. जे अब्दुल कलाम है। उस महान मनीषी के बारे में आप क्या जानते हैं? एक विवरणात्मक निबंध लिखिए।
2. मनुष्य के जीवन में समय का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। समय के नियोजन से ही मानव महान बन जाता है। समय के नियोजन से मान व जीवन व्यवस्थित बनता है। समय का सही उपयोग से जीवन में सफलता पा सकते हैं। विचार बिन्दुओ को आधार बनाकर एक विस्तारपूर्वक निबंध लिखिए।
3. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसके बारे में निबंध लिखिए?



Question -2
Write a letter in Hindi approximately 120 words on anyone of the topics given below.
किसी एक विषय पर हिंदी में पत्र लिखिए। **[7M]**

1. खेल का सामान उपलब्ध कराने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।
2. आर्थिक सहायता के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

Question -3

Read the passage given below and answer in Hindi the question that follow, using your own words as for as possible.

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **5×2=10M**

भारतीय संस्कृति और कला सभी को प्रभावित करती है। इसकी विविधता में एकता छिपी हई है। लोगों को एकत्रित कर अपने विचारों का आदान-प्रदान करने के जो साधन है, उनमें 'कुंभ मेला' भी एक है। इस मेले में लोग इकट्ठा होकर अपनी भावनाओं को उजागर करते हैं और अपनी एकता और अखंडता का परिचय देते हैं।

भारतीय संस्कृति आत्मा, परमात्मा और उसके बनाए विश्व पर ध्यान देना सिखाती है। हमारे पूर्वजों ने जीवन को संस्कार देने वाले अनेक कार्यक्रम निश्चित किए थे, जिनमें स्थान-स्थान पर लगने वाले मेलों का भी महत्वपूर्ण स्थान है।

भारत के विशाल मेलों में से सबसे महत्वपूर्ण कुंभ मेला है। यह मेला केवल चार स्थानों पर लगता है-हरिद्वार, प्रयाग, उज्जैन और नासिक। इनमें से हर जगह पर बारह वर्ष बाद पूर्ण कुंभ का मेला लगता है।

प्रश्न:

1. किस मेले में लोग इकट्ठा होते हैं और किनको उजागर करते हैं?
2. भारत किस विषय में सभी को प्रभावित करता है? इसकी विविधता में क्या छिपी हुई है?
3. भारतीय संस्कृति किन विषयों पर ध्यान देना सिखाती है?
4. कुंभ मेला किन-किन स्थानों पर लगता है?
5. कितने वर्ष के बाद पूर्ण कुंभ मेला लगता है?

Question -4

Following according to the instructions given below.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। **[8M]**

1. 'New Era' का अर्थ हिंदी में :
   (A) घुल मिलकर (B) नवयुग (C) विमल (D) नए कपड़े
2. मानव शब्द का पर्यायवाची होगा:
   (A) प्राप्त (B) नूतन - नवीन (C) मनुष्य - इंसान (D) उन्नति - विकास
3. 'आदर' शब्द का विलोम होगा:
   (A) अनावश्यक (B) कठोर (C) प्रशंसा (D) अनादर
4. मैदान में <u>लड़का खेल रहा है</u> (रेखांकित शब्दों को बहुवचन में लिखिए)
   (A) लड़कियाँ खेल रहा है (B) लड़का खेल रहे हैं
   (C) लड़के खेल रहे हैं (D) लकड़ी खेल रही है
5. 'पक्षी' का बहुवचन रूप होगा:
   (A) पक्षियों (B) पक्षियाँ (C) पक्षी (D) पक्षिये

6.शीला पाठ पढ़ रही है- विधेय शब्द छाँट कर लिखने से-
   (A) शीला (B) पढ़ (C) पाठ पढ़ रही है (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

7. कंप्यूटर से बच्चों का---------- भी होता है।(रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)
   (A) इंटरनेट (B) योगदान (C) कंप्यूटर (D) मनोरंजन
8. 'अपरिचित' शब्द का अर्थ अंग्रेजी में:
   (A) Perfect (B) divine (C) Unknown (D) Well known

SECTION –B

(Attempt Any Four questions from this section)

Question -5

The extract given below and answer in Hindi the questions that follow.

निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए

कंप्यूटर अपने आप कोई काम नहीं कर सकता। उसे की-बोर्ड एवं माउस की सहायता से आदेश देना होता है। वह मनुष्य द्वारा इकट्ठे किए गए आँकड़ों एवं आदेशों के अनुसार कार्य करता है। कंप्यूटर बहुत ही उपयोगी यंत्र है। आधुनिक तकनीकी विकास के क्षेत्र में इसका प्रयोग हर जगह होता है। स्कूल, कॉलेज,

अस्पताल, फैक्ट्री, बड़ी-बड़ी दुकानों एवं सिनेमाघरों में भी कंप्यूटर के विकास के कारण लोगों को नौकरियाँ उपलब्ध हुई हैं। हवाई जहाज़ के डिजाइन एवं कपड़ों और गहनों के डिज़ाइन भी कंप्यूटर बखूबी करता है। कंप्यूटर के बिना रेल टिकट, हवाई टिकट आदि खरीदना भी मुश्किल हो गया है। वायुयान, रॉकेट आदि का संचालन भी कंप्यूटर करता है। शरीर के भीतरी अंगों का स्केन भी कंप्यूटर द्वारा संभव है जिससे बीमारियों का पता आसानी से लगाया जा सकता है।

(पाठ का नाम: कंपूटर)
(Path ka naam: Computer)

प्रश्न:

1. कंप्यूटर से क्या खरीदना आसान हो गया है? **[2M]**
2. कंप्यूटर किसके अनुसार काम करता है? **[2M]**
3. क्या,कंप्यूटर अपने आप कोई काम कर सकता है? उसे किसकी सहायता से आदेश देना होता? **[3M]**
4. कंप्यूटर का प्रयोग किन-किन क्षेत्रों में होता है? **[3M]**

Question -6

Read the extract given below and answer the following question in Hindi.
निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"दौड़ो, पकड़ो, लूट लो इसे, इसका घोड़ा छीन लो।"

(पाठ का नाम: संगती ka प्रभाव)
(Path ka naam: Sangati ka Prabhav)

प्रश्न:

1. यह बात किसने, किससे कब कहा? **[2M]**
2. उस समय राजा कहाँ और क्यों जा रहा था? **[2M]**
3. राजा ने बोलने वाले तोते को पहली बार कहाँ देखा? **[3M]**
4. राजा को डाकुओं से किसने बचाया? **[3M]**

Question -7

Read the given extract given below and answer the following questions in Hindi.
निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"माँ मेरे कई मित्र अपने नौकरों से बहुत बुरी तरह व्यवहार करते हैं।"

(पाठ का नाम: शिष्टाचार)
(Path ka naam: Sishtachar)

प्रश्न:

1. यह बात किसने, किससे कब कहा? **[2M]**
2. नौकरों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए? **[2M]**
3. 'माँ ' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है? मित्र, बुरा शब्दों का विलोम रूप क्या होगा? **[3M]**
4. आदर सूचक शब्द क्या-क्या हैं? बड़ों के साथ हमें कैसे बातचीत करनी चाहिए? **[3M]**

Question -8

Read the poem given below and answer the following question in Hindi.
निम्नलिखित पद्यांश पढ़िए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

चीनी हो या हो जापानी
ईरानी या तुर्किस्तानी
अमरीकन या इंगलिस्तानी
या हम सब हों हिंदुस्तानी
लाएँगे नवयुग का विहान ।
हम सब समान, हम सब समान।

(हम सब सामान- सोहनलाल द्विवेदी)
(Ham Sab Samaam-Sohanlal Dwivedi)

प्रश्न:

1. कवि ने किन-किन देशों के साथ जुड़कर नवयुग का विहान लाने की बात कही है? **[2M]**

2. चीन में रहने वालों को क्या कहते हैं? किस देश में रहने वालों को 'हिंदुस्तानी'कहते हैं? **[2M]**
3. नवयुग, समान, प्रेम - इन शब्दों का विलोम रूप क्या है? **[3M]**
4. इस कविता से क्या संदेश मिलता है? हम सब कैसे हैं? **[3M]**

Question -9
Read the poem given below and answer the following question in Hindi.
निम्नलिखित पद्यांश पढ़िए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

जरा इस आदमी को जगाओ।
भई पवन,
ज़रा इस आदमी को हिलाओ।
यह आदमी जो सोया पड़ा है जो सच से बेखबर
सपनों में खोया पड़ा है।
भई पंछी,
इसके कानों पर चिल्लाओ। भई सूरज,
ज़रा इस आदमी को जगाओ।

(इसे जगाओ-भवानी प्रसाद मिश्र)
(Ise-jagao-Bhavani Prasad Mitr)

प्रश्न:
1. कवि आदमी के बारे में क्या कह रहा है? **[2M]**
2. कवि किसे जगाने के लिए कह रहा है? **[2M]**
3. कवि पंछी को क्या करने को कहता है? **[3M]**
4. कवि किन-किन से आदमी को जगाने को कहता है? **[3M]**

Question -10
Read the given below and answer the following question in Hindi.
निम्नलिखित पद्यांश पढ़िए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

गाएँगे सब मिल नई तान।
हम सब समान, हम सब समान।
हिल-मिलकर साथ रहेंगे हम।
दुख-सुख सब साथ सहेंगे हम।
नित विमल प्रेम की गंगा में, घुल-मिलकर साथ बहेंगे हम।
है एक देह, है एक प्राण
हम सब समान, हम सब समान ।

हम सब समान -सोहनलाल द्विवेदी
(Ham Sab Samaam-Sohanlal Dwivedi)

प्रश्न:
1. हम साथ-साथ कैसे रहेंगे? हम सब मिलकर क्या गाएँगे? **[2M]**
2. हम विमल प्रेम की गंगा में कैसे बहेंगे? **[2M]**
3. हम सब किस देश के निवासी हैं? हम सब क्या साथ-साथ सहेंगे? **[3M]**
4. 'हम' शब्द किसको सूचित करता है? उपर्युक्त कविता का संदेश क्या है? **[3M]**

ALL THE BEST

